# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-8 (सप्ताह-6)

**प्रश्नों की कुल संख्या-40** **समय- लगभग 90 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** .................................................................... **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** ......................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां अनिवार्यतः पूर्ण कराएं।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 40 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग–1 : हिन्दी प्रश्न 1–10

   भाग–2 : गणित प्रश्न 1–10

   भाग–3 : विज्ञान प्रश्न 1–10

- भाग–4 : सामाजिक विज्ञान प्रश्न 1–10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश- निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

रमा, श्याम, सलमा और राबर्ट कक्षा आठवी के विद्यार्थी हैं। ये चारों विद्यालय के सबसे होनहार छात्र–छात्राएँ है। रमा को देश–प्रदेश के दूर–दूर के स्थानों पर घूमना और चित्र बनाने का शौक है। उसने जिन स्थानों की यात्रा की है, वहाँ के सुन्दर दृश्य भी चित्रित किए है। श्याम को किताबें पढ़ना अच्छा लगता है वह शाला के पुस्तकालय से नई – नई किताबें लेकर पढ़ता है। वह स्वयं भी कविता – कहानी लिखने लगा है और किताबों से नई–नई चीजें बनाना भी सीखता है। सलमा ने अपने विद्यालय के मैदान में और अपने घर पर औषधीय पेड़ – पौधे लगाए हैं। वह इनके बारे में समझाती है। बच्चों की जानकारी के लिए उसने पेड़ पौधों पर उनके नाम की पट्टिका भी लगाई है। राबर्ट को खेलने–कूदने का शौक है। वह अपने विद्यालय की फुटबॉल टीम का कप्तान है। वह अच्छा चित्रकार भी है। उसने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और बहुत से मेडल जीते हैं। इन सभी बच्चों ने अपनी–अपनी प्रतिभा से शाला का नाम रोशन किया है।

प्र.1 रमा और राबर्ट में कौन-सी बात समान है?

(A) वे फुटबॉल खेलते हैं (B) उन्हें घूमना पसंद हैं

(C) वे अच्छे चित्र बनाते हैं (D) उन्हें पढ़ना पसंद है

प्र.2 सलमा किस काम में अच्छी है?

(A) पेड़ - पौधे लगाने में (B) खेलने में (C) चित्र बनाने में (D) किताबें पढ़ने में

प्र.3 अनुच्छेद के अनुसार श्याम को पुस्तकालय की पुस्तकें पढ़ने से क्या लाभ हुआ?

(A) श्याम अच्छा पढ़ना सीख गया (B) श्याम दूसरों को पढ़ाने लगा

(C) श्याम कविता/कहानी लिखने लगा (D) श्याम अच्छे अंक से पास हो गया

प्र.4 पेड़ों की पहचान के लिए सलमा ने क्या किया?

(A) पेड़ों को अलग - अलग लगाया (B) पेड़ों को घर पर लगाया

(C) पेड़ों पर नाम की पट्टिका लगाई (D) पेड़ो को मैदान में लगाया

प्र.5 औषधीय पौधों का सबसे उचित उपयोग क्या है?

(A) सुन्दरता के लिए (B) दवाईयों के लिए (C) बगीचा बनाने के लिए (D) घर सजाने के लिए

**निर्देश: प्राणियों के बारे में दी गई तालिका को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

| क्र. | प्राणी का नाम | लंबाईया/ऊँचाई | वजन | भोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **डायनासोर**-डायनासोर का अर्थ बड़ी छिपकली होता है। ये आकार में इतने बड़े और शक्तिशाली थे कि उनके सामने आज के जमाने का कोई प्राणी मुकाबला नहीं कर सकता। | 30-40 मीटर | 28.3 से 58 मीट्रिक टन तक | शाकाहारी मांसाहारी |
| 2. | **नीली व्हेल**- इसका शरीर लंबा और पतला होता है यह संसार का सबसे भारी जीव है। इसका रंग प्राय: नीला होता है। | 32 मीटर से अधिक | 173 मीट्रिक टन | मांसाहारी |
| 3. | **हाथी**-हाथी भी संसार के बड़े प्राणियों में से एक है। अफ्रीकी हाथी एशियाई हाथियों से बड़े होते हैं। अफ्रीकी हाथी की सूड़ में दो अंगुली नुमा संरचनाएँ होती है। | 2 मीटर से अधिक | 6,800 किलो तक | शाकाहारी |
| 4. | **मगरमच्छ** -मगरमच्छ खारे और मीठे पानी दोनों में पाए जाते है। खारे पानी का मगरमच्छ बड़े आकार का सरीसृप प्राणी है। | 6 मीटर तक | 600 से 1000 कि.ग्रा. | मांसाहारी |
| 5. | **शुतुरमुर्ग**- शुतुरमुर्ग शुष्क मरूस्थलों में पाया जाने वाला एक विशाल पक्षी है। इसकी गर्दन और पैर लम्बे होते है। यह उड़ नहीं सकता पर 70 किलो मी. प्रतिघंटे की गति से भाग सकता है। | 2.8 मीटर से 3 मीटर | 63 से 140 किलो | सर्वाहारी |

प्र.6 वजन के आधार पर तालिका में दिए गए प्राणियों का सही घटता क्रम क्या है?

(A) हाथी, नीली व्हेल, डायनासोर, मगरमच्छ, शुतुरमुर्ग

(B) डायनासोर, हाथी, शुतुरमुर्ग, नीली व्हेल, मगरमच्छ

(C) नीली व्हेल, डायनासोर, हाथी, मगरमच्छ, शुतुरमुर्ग

(D) शुतुरमुर्ग, हाथी,नीली व्हेल, मगरमच्छ, डायनासोर

प्र.7 केवल शाकाहार पर जीवित रहने वाला प्राणी कौन है?

(A) डायनासोर (B) हाथी (C) शुतुरमुर्ग (D) मगरमच्छ

प्र.8 तालिका के अनुसार वजन की दृष्टि से सबसे अधिक और सबसे कम भारी प्राणी कौन हैं?

(A) नीली व्हेल–डायनासोर (B) नीली व्हेल– हाथी

(C) नीली–व्हेल–शुतुरमुर्ग (D) नीली व्हेल – मगरमच्छ

प्र.9 तालिका में दिए गए प्राणियों में जल चर प्राणी कौन है?

(A) नीली व्हेल और शुतुरमुर्ग (B) मगरमच्छ और हाथी

(C) डायनासोर और हाथी (D) नीली व्हेल और मगरमच्छ

प्र.10 निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द हिन्दी भाषा का है?

(A) डायनासोर (B) शुतुरमुर्ग (C) हाथी (D) व्हेल

## भाग–2 : गणित

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 एक मोटर साइकिल 3.5 लीटर पेट्रोल में 157.5 कि.मी. चलती है। यह गाड़ी एक लीटर पेट्रोल में कितनी दूरी तय करेगी?

(A) 35 कि.मी. (B) 45 कि.मी. (C) 55 कि.मी. (D) 65 कि.मी.


प्र.2 रानी को कक्षा सातवी की परीक्षा में 96% अंक प्राप्त हुए। यदि सभी विषयों के प्रश्न पत्रों के कुल अंकों का योग 750 है, तो रानी को निम्नलिखित में से कुल कितने अंक प्राप्त हुए?

(A) 691 (B) 720 (C) 690.2 (D) 691.3

प्र.3 50 छात्रों में से 64% छात्रों को विज्ञान विषय पसंद है। कितने छात्रों को विज्ञान विषय पसंद नहीं है?

(A) 32 (B) 16 (C) 18 (D) 34


प्र.4 निम्नलिखित चित्र के छायांकित भाग के संगत भिन्न को प्रतिशत में कैसे लिखेंगे?



(A) 25% (B) 50%

(C) 75% (D) 12.5%


प्र.5 ग्रिड में दर्शायी गई आकृति का क्षेत्रफल किसके निकटतम है?





(A) 11 वर्ग से.मी. (B) 8 वर्ग से.मी.

(C) 6 वर्ग से.मी. (D) 5 वर्ग से.मी.

प्र.6 निम्न आकृतियों को देखकर सही विकल्प चुनिये–



आकृति (ii)



आकृति (i)

(A) आकृति (ii) का क्षेत्रफल ज्यादा है आकृति (i) के क्षेत्रफल से।


(B) आकृति (i) का क्षेत्रफल ज्यादा है आकृति (ii) के क्षेत्रफल से।

(C) आकृति (i) व आकृति (ii) के क्षेत्रफल लगभग बराबर हैं।


(D) दोनों आकृतियों को देखकर उनके क्षेत्रफल की तुलना नहीं की जा सकती।

प्र.7 टीना और मीना अपने घर के आँगन में खेलने के लिये चॉक से निम्न आकृतियों के अनुसार परिसीमा बनाती हैं, तो दिये गये कथनों में कौन–सा कथन सत्य है?

**टीना की परिसीमा**



**मीना की परिसीमा**




(A) टीना के पास खेलने के लिये ज्यादा जगह है।

(B) मीना के पास खेलने के लिये ज्यादा जगह है।


(C) दोनों के पास खेलने के लिये बराबर जगह है।

(D) अलग–अलग आकारों के कारण खेलने की जगहों की तुलना नहीं कर सकते।

प्र.8 चित्रानुसार आकृति (i) में से एक वर्ग कम करके आकृति (ii) का निर्माण किया गया है, तब इनके संबंध में निम्न में से क्या सत्य है?



(I)



(ii)


(A) दोनों आकृतियों का क्षेत्रफल व परिमाप समान है।

(B) आकृति (ii) का क्षेत्रफल व परिमाप कम है आकृति (i) से।

(C) आकृति (ii) का क्षेत्रफल अधिक व परिमाप कम है आकृति (i) से।

(D) आकृति (ii) का क्षेत्रफल कम परंतु परिमाप बराबर है आकृति (i) से।

प्र.9 नीचे दिए गए दो पत्तियों के क्षेत्रफल को, जिन्हें एक वर्गाकार कागज पर ट्रेस किया गया है, देखकर, दिए गए कथनों में सत्य कथन बताइए।




(A) पत्ती (अ) का क्षेत्रफल ज्यादा है पत्ती (ब) से।

(B) पत्ती (ब) का क्षेत्रफल ज्यादा है पत्ती (अ) से।

(C) दोनों पत्तियों के क्षेत्रफल लगभग बराबर हैं।

(D) दोनों पत्तियों के अलग-अलग आकारों के कारण क्षेत्रफलों की तुलना नहीं कर सकते।

प्र.10 नीचे दिये गये आँकड़ों की माध्यक (median) क्या होगी?


**24, 36, 46, 17, 18, 25, 35**

(A) 17 (B) 35 (C) 46 (D) 25

## भाग-3 : विज्ञान

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए ?




$\angle i = 60^{o}$

परावर्तित किरण कौन सी होगी-

(A) किरण - अ (B) किरण - ब (C) किरण - स (D) किरण - द

प्र.2 निम्न में से सम्पर्क बल है -

(A) पेशीय बल (B) चुम्बकीय बल

(C) स्थिर वैद्युत बल (D) गुरूतवाकर्षण बल

प्र.3 निम्न कथन में से दैनिक जीवन में उदासीनीकरण अभिक्रिया का उदाहरण नहीं है-

(A) चींटी के काटने पर बेकिंग सोड़ा लगाना (B)अपाचन से मुक्ति हेतु प्रति अम्ल लेना

(C) कारखानों के अपशिष्ट में अम्लीय पदार्थ मिलाना

(D) क्षारकीय मृदा में जैव पदार्थ मिलाना

प्र.4 ताजमहल के पास मथुरा तेल परिष्करणी स्थापित है। इस परिष्करणी की उपस्थिति के द्वारा उत्पन्न किन कारणों से ताजमहल को हानि हो रही है -



(A) ध्वनि स्तर का प्रभाव (B) अम्ल वर्षा का उत्पन्न होना

(C) यमुना का जल प्रदूषित होना (D) आवागमन का अत्याधिक होना

प्र.5 'X' एक भौतिक इकाई है जो किन्हीं दो सतहों के बीच स्नेहक के प्रयोग से घट जाती है, 'X' निम्नलिखित में से किसको प्रदर्शित करती है -

(A) ताप (B) दाब (C) घर्षण (D) गुरुत्व

प्र.6 दो द्रवों 'अ' तथा 'ब' के विद्युत चालन की जाँच करने के लिए एक संपरीक्षित्र का प्रयोग किया गया, यह देखा गया की संपरीक्षित्र का बल्ब द्रव 'अ' के लिए चमकीला दीप्त हुआ जबकि द्रव 'ब' के लिए अत्यंत धीमा दीप्त हुआ, निम्नलिखित में से कौन से कारण सही है –


'अ'  'ब' 

(A) द्रव 'ब', द्रव 'अ' से अच्छा चालक है (B) द्रव 'अ', द्रव 'ब' से अच्छा चालक है

(C) दोनों द्रवों की चालकता समान है

(D) द्रवों की चालकता के गुणों की तुलना इस प्रकार नही की जा सकती।

प्र.7 चित्र में दर्शाए जन्तु के जीवन चक्र कि विभिन्न अवस्थओं में a,b,c व d क्रमशः है –





(A) (a) वयस्क (b) आरम्भी टैडपोल (c) बाद का टैडपोल (d) अंडे

(B) (a) अंडे (b) आरम्भी टैडपोल (c) बाद का टैडपोल (d) व्यस्क

(C) (a) अंडे (b) बाद का टैडपोल (c) आरम्भी टैड़पोल (d) व्यस्क

(D) (a) व्यस्क (b) अंडे (c) बाद का टैडपोल (d) आरम्भी टैडपोल

प्र.8 गत्ते के किसी टुकड़े में एक छोटा सा छिद्र p किया हुआ है छिद्र को चित्र में दिखाएं अनुसार एक टॉर्च द्वारा प्रकाशित किया गया है। छिद्र से निकलने वाली प्रकाश की किरण किसी दर्पण पर गिरती है। आँख को किस बिंदु पर रखें जिससे सुराख को देखा जा सके?




(A) L (B) M (C) N (D) O

प्र.9 ध्वनि का संचरण होता है –

(A) केवल ठोसों में (B) केवल गैसों में

(C) केवल द्रवों में (D) ठोस, द्रव तथा गैसों में

प्र.10 जब पंखा पुराना हो जाता है तो चलते–चलते वो जोर–जोर से आवाज करने लगता है ऐसे में जब हम मिस्त्री को दिखाते हैं तो वह पंखे में तेल डालता है, क्यों –

(A) तेल के द्वारा पंखा चमकने लगता है (B) घर्षण बल बढ़ाने के लिए

(C) असम्पर्क घटाने के लिए (D) घर्षण बल कम करने के लिए

# भाग-4 : सामाजिक विज्ञान

**निर्देश : प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 सिविल सेवा परीक्षा में भाग लेने की न्यूनतम आयु सन् 1876 ई. में की गई –

(A) 21 वर्ष (B) 23 वर्ष (C) 19 वर्ष (D) 24 वर्ष

प्र.2 अंग्रेजो द्वारा लागू की गयी रैयतवाड़ी व्यवस्था किससे सम्बन्धित थी–

(A) सैनिको की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव

(B) धार्मिक एवं सामाजिक प्रथाओं का संरक्षण

(C) भू–राजस्व का निर्धारण

(D) ब्रिटिश ताज को सत्ता का हस्तांतरण

प्र.3 भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिमी शिक्षा का समर्थन किसने किया था–

(A) स्वामी दयानंद सरस्वती (B) राजा राममोहन राय

(C) महादेव गोविंद रानाडे (D) स्वामी विवेकानंद

प्र.4 ........................... को प्रोत्साहन देने के लिये सन् 1791 में बनारस में हिंदू कॉलेज की स्थापना की गई थी।

(A) प्राचीन संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन

(B) ब्रिटिश कानूनों का अध्ययन

(C) पाश्चात्य शिक्षा व्यवस्था का अध्ययन

(D) विज्ञान का अध्ययन

प्र.5 किस योजना के तहत विद्यालय के छात्रों को भोजन (अल्पाहार) प्रदान किया जाता है?

(A) समग्र शिक्षा अभियान (B) मध्याह्न भोजन योजना

(C) न्यूनतम समर्थन मूल्य (D) मनरेगा

प्र.6 पृथ्वी की सबसे भीतरी परत है ............................

(A) क्रस्ट (भूपर्पटी) (B) नीफे (C) सीमा (D) सियाल

प्र.7 जब बादल तरल अवस्था में पृथ्वी पर गिरते है, तो क्या कहलाते है?

(A) बर्फ (B) वर्षा (C) हिम (D) बादल

प्र.8 यदि 'मृत्युदर' से 'जन्मदर' अधिक हो तो जनसंख्या....

(A) घटेगी (B) बढ़ेगी

(C) स्थिर रहेगी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्र.9 निम्नलिखित में से कौन–सी एक साप्ताहिक बाजार की खास विशेषता है?

(A) यह स्थायी दुकानों से संचालित होती है

(B) यह सप्ताह में एक दिन संचालित होती है

(C) यह सभी दिन एक निर्दिष्ट स्थान पर संचालित होती है

(D) एक ही प्रकार की / का सेवा / सामान उपलब्ध होता है

प्र.10 बालू स्तूपों का निर्माण किससे होता है ?

(A) जल (B) हवा (C) हिमनद (D) समुद्र

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-8 सप्ताह-6 )

| हिन्दी | | गणित | | विज्ञान | | सामाजिक विज्ञान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | गणित | विज्ञान | सामाजिक विज्ञान |
|---|---|---|---|
| | | | |